हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–93 : जौनपुर, मंगलवार 06 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी ने चर्चा में बताया क्यों लाना पड़ा अनुपूरक बजट

लखनऊ ब्यूरो : यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेताओं के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज निवेश का सर्वश्रेष्ठ गंतव्य बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रदेश को विकसित करने के लिए बजट की जरूरत थी। पीएम मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर की बनाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य में यूपी अपना बड़ा योगदान दे सकता है। प्रदेश आज तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश डाटा सेंटर का नया हब बन रहा है। विकास को रफ्तार देने के लिए अनुपूरक बजट लाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए किए गए कार्यों का भी जिक्र किया। इसके पहले, मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही देर में हंगामा होने लगा। हालांकि, कुछ देर तक स्थगन के बाद ही फिर से कार्यवाही शुरू हुई और अनुपूरक बजट पर चर्चा हुई। इस दौरान सत्ता पक्ष व विपक्ष ने एक–दूसरे पर जमकर आरोप लगाए। विपक्ष के एक विधायक ने कहा कि सरकार सिर्फ घोषणाएं करती है। अनुपूरक बजट में भी यही किया गया है जबकि सच ये है कि पिछला बजट अभी तक खर्च ही नहीं हो सका है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सिर्फ घोषणाएं करने से प्रदेश का विकास नहीं हो सकता है। कांग्रेस



नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सरकार इंवेस्टर्स समिट को लेकर बड़े–बड़े दावे करती है पर जमीन पर कुछ नजर नहीं आता है। सरकार को इस पर श्वेत पत्र जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुपूरक बजट सिर्फ घोषणा पर हैं। इसकी कोई आवश्कता नहीं थी। वहीं, विधायक अतुल प्रधान द्वारा नियमों के विपरीत सदन की कार्यवाही का फेसबुक लाइव करने पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नाराजगी जताई और उन्हें दोपहर एक बजे तक के लिए सदन से बाहर कर दिया। महाना ने पहले उन्हें पूरे शीतकालीन सत्र के लिए बाहर निकाला था लेकिन सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय और लालजी वर्मा के आग्रह पर अतुल प्रधान को दोपहर 1 बजे तक ही सदन से बाहर निकाला था।

## बाबरपुर खेड़े पर हो रहा शतचंडी यज्ञ

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : भरखनी क्षेत्र के ग्राम बाबरपुर स्थित खेड़े पर बने देवी मां मंदिर प्रांगण में हो रहे 9 दिवसीय शतचंडी महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है, जिसमें दूर –दूर से आये वेद पाठी ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चारण से यज्ञ में आहुति यजमान के द्वारा दी जा रही है। वहीं दिन में 2:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक व रात्रि 8 बजे से लेकर 11बजे तक पंडित संपत्ति कुमार के मुखारविंद से भागवत कथा का श्रवण पान भक्तों द्वारा किया जा रहा है। जिसमें अष्टम दिवस की कथा में भागवत के दशम स्कंध की कथा कृष्ण जन्मोत्सव से लेकर पूतना वध तथा नामकरण की कथा का रसपान भक्तों को कराया गया। पंडित संपति कुमार ने बताया कि जैसा अन्न वैसा मन होता है एवं जैसा आहार वैसा विचार होता है उन्होंने सर्वे भवंतु सुखिनः का भक्तों को ज्ञान दिया।

## हत्यारोपी अभियुक्त गिरफ्तार : घटना में प्रयुक्त एक्सयूवी कार मोटरसाइकिल को किया बरामद

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस बी शिरड़कर पुलिस आयुक्त के आदेशानुसार अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही एव वांछित के विरूद्ध गिरफ्तारी अभियान के क्रम में संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय नीलाब्जा चौधारी, एस०एम० कासिम आब्दी पुलिस उपायुक्त उत्तरी तथा अभिजित आर० शंकर अपर पुलिस उप आयुक्त उत्तरी लखनऊ के निर्देशन व आशुतोष कुमार सहायक पुलिस आयुक्त अलीगंज के मार्ग दर्शन में नागेश उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक अलीगंज के नेतृत्व में अलीगंज पुलिस व क्राइम टीम उत्तरी कमिश्नरेट लखनऊ की संयुक्त टीम द्वारा कार चढ़ाकर हत्या करने वाले 03 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अपराध का संक्षिप्त विवरण बताते हुए डीसीपी नॉर्थ एसएम कासिम आब्दी ने डीसीपी नॉर्थ कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राकेश कुमार गौतम अहिबरनपुर सीतापुर रोड थाना अलीगंज लखनऊ द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि ऋषभ श्रीवास्तव,अनुज गुप्ता,साहिल सोनकर नि0 त्रिवेणीनगर–थाना अलीगंज लखनऊ द्वारा गाड़ी हटाने की बात को लेकर विवाद हुआ। उपरोक्त उसी बात को लेकर एक्स0यू0वी0 कार से व डिस्कवर मोटर साइकिल से घर के पास आकर दीपू से पुनः गाली गलौज व हाथा पाई करने लगे। शोर सुनकर वादी व उसका भाई मुकेश घर से बाहर आये तो अभिगण द्वारा और उत्तेजित होकर सभी लोगो से गाली गलौज मार–पीट करते हुए महिन्द्रा एक्स यूवी कार सं० डी०एल 8 सी ए0सी 2261 दौड़ा कर जान से मारने की नियत से बादी राकेश गौतम उम्र 32 वर्ष तथा उसके भाई दीपू गौतम उम्र 37 वर्ष व मुकेश गौतम उम्र 27 वर्ष के ऊपर चढ़ा दिया, जिससे वादी राकेश



तथा उसके भाई दीपू गौतम व मुकेश गौतम गंभीर रूप से घायल हो गये, ट्रामा सेंटर लखनऊ मे दौराने ईलाज दीपू गौतम की मृत्यु हो गयी। उक्त सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 416/22 धारा 147/302/307/504 भा0द0वि03 (2) (V) एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया है, उक्त घटना मे पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अल्प समय में ही फरार वांछित अभिग्गण 1. ऋषभ श्रीवास्तव पुत्र सुशील कुमार श्रीवास्तव नि0 538/338 श्रीपुरम त्रिवेणीनगर–3 थाना अलीगंज लखनऊ उम्र 25 वर्ष 2. अनुज गुप्ता पुत्र राजेश कुमार गुप्ता नि0 538क/556/81 श्रीपुरम त्रिवेणीनगर–3 थाना अलीगंज लखनऊ उम्र 23 वर्ष 3. साहिल सोनकर पुत्र जय प्रकाश सोनकर नि० पतीरागंज थाना मदेयगंज लखनऊ को मय घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा एक्सयूवी कार सं0 डी0एल 8 सी ए0सी 2261 व डिस्कवर मो0सा0 सं0 यू0पी0 32 ई0ई0 5154 सहित त्रिकोणेश्वर मंदिर बंधा रोड शिवलोक से गिरफ्तार किया गया है। अभि) साहिल सोनकर के विरूद्ध थाना स्थानीय पर व आस–पास के थानों में दर्जनो अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्तगण उपरोक्त के 'विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अब यूपी में लगेंगे बहुत से कारखाने –रामउग्रह शुक्ल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अटल पूर्वांचल औद्योगिक विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राम उग्रह शुक्ला ने भेंट वार्ता में बताया कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल विहारी बाजपेई जी का गोण्डा से बहुत लगाव था और उनकी कही हुई सारी बात सत्य हो रही है। 2003 की बात है हमारे भाई टी आर मिश्र घनश्याम शुक्ल शिवकुमार जी और मैं भी घनश्याम जी के साथ माननीय अटल जी के यहाँ मिलने गए हुए थे तभी बातो बात में अटल जी ने मिश्र जी से कहा क्या आप उत्तर प्रदेश में उद्योग नही लगवाएंगे तब मिश्र जी ने कहा अभी माहौल ठीक नही है तब माननीय अटल जी ने हंस के कहा कि ठीक है ,माहौल ठीक होने का इंतजार कीजिये ।उसके बाद मिश्र जी ने पूर्वांचल औद्योगिक विकास परिषद का पंजाब में रजिस्ट्रेशन करवा लिया अभी 2019 में लोक सभा चुनाव में शिवकुमार जी से मैं मिलने गया था तब शिवकुमार जी ने हमसे कहा अब तो योगी जी की सरकार है अब माहौल ठीक है मिश्रा जी को अटल जी की बात याद दिलाओ उसके करोना आ गया उसके बाद मैंने लुधियाना जाकर मिश्रा जी को याद दिलाया अटल जी की बात और उन्होंने जब सबको तैयार कर लिया तब माननीय मुख्यमंत्री जी से करीब दो साल बहुत बड़े उद्योगपतियों के साथ मुलाकात हुई माननीय योगी जी की बात से सब बहुत प्रभाभित हुए उसके बाद हम कम से कम 17बार पंजाब गए मुंबई गए गुजरात गए तब जाकर इतने सारे उद्योगपतियों को निवेश के लिए तैयार कर पाए हनुमानजी और बाबा की कृपा से। आज रात तक करीब 1लाख 95 करोड़ तक निवेश मित्र पर MOU हो जाने की संभवाना है शुरुआत हो चुकी है ।यह सब मुख्यमंत्री योगी जी की औद्योगिक नीति



की वजह से संभव हुआ है ऐसी नीति किसी भी प्रदेश में नहीं है। अब अटल पूर्वांचल औद्योगिक विकास परिषद हो गया अटल आगे जोड़ दिया गया है। पहली बार जब करोना लगा था तब हमने 125 दिन लगातार लोगों की सेवा किया था तब बड़े पैमाने पर लोग दूसरे प्रदेश से वापस अपने घर पैदल चलते हुए उनके पैरो में छाले देखे थे उसी समय हमारे दिमाग में बैठ गया था कि अगर प्रदेश में काफी मात्रा में फैक्ट्री लग जाये तो प्रदेश के विकास के साथ साथ काफी रोजगार बढेगा और पलायन भी रुकेगा। करोना खत्म होने के बाद मैंने माननीय मुख्यमंत्री जी से समय माँगा और समय मिलने पर कुछ बड़े उद्योगपतियों का एक प्रतिनिधि मण्डल के साथ मिला। मुख्यमंत्री जी से मुलकात के बाद सभी लोग काफी प्रभावित हुए और उन लोगों ने कहा कि जो उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नीति है किसी प्रदेश में नहीं है और करीब दो साल के बाद अब लगभग 500 उद्योगपति तैयार हुए है उद्योग लगाने हेतु जिसमे 52 लोगों की लिस्ट माननीय उद्योग मन्त्री जी को दे चुका हूँ। अभी हाल ही में ताज होटल लगभग 63 बड़े उद्योगपति आये थे आज तीस हजार से ऊपर हम इस संगठन में जोड़ चुका हूँ। मैं चाहता हूँ कि अब इतनी फैक्टरी लग जाये कि लोग दूसरे प्रदेश से यहाँ आये रोजगार के लिए यहाँ के लोगों को ना जाना पड़े। मुख्यमंत्री श्री योगी जी ने प्रदेश का माहौल ऐसा बना दिया है कि आने वाले समय में बहुत कारखाने लग जायेंगे ऐसा हमें विश्वास है।

## छह दिसंबर पर मुस्लिम नहीं मना रहे यौम–ए–गम : अयोध्या में साधु–संतों ने शौर्य दिवस से किया परहेज

अयोध्या ब्यूरो : छह दिसंबर दिन मंगलवार को राम की नगरी अयोध्या पूरी तरह से गुलजार नजर आ रही है। मठ–मंदिरों में जयकारे गूंज रहे हैं। कहीं कोई भय व तनाव का माहौल नहीं है। जगह–जगह विकास के काम चल रहे हैं। मुस्लिम न तो यौम–ए–गम मनाने की तैयारी में हैं न ही विहिप व साधु–संत शौर्य दिवस की बात कर रहे हैं। हर वर्ग का कहना है कि इस तारीख को भूल जाना ही बेहतर है। छह दिसंबर 1992 की तारीख दो समुदायों के बीच तल्खी का स्याह इतिहास बन गई थी। मुस्लिम समुदाय घरों–कारोबार, इबादत स्थलों पर काला झंडा लगाकर यौम–ए–गम का इजहार करता था। वहीं हिंदू समाज, विहिप व साधु–संत भी शौर्य दिवस मनाते थे। मंदिर के हक में फैसला आते ही और मंदिर निर्माण शुरू होने के साथ ही अयोध्या अब विवाद को भूलकर सौहार्द की नई परिभाषा गढ़ती दिखती है। नयाघाट पर रामपथ निर्माण के लिए चौड़ीकरण का काम सोमवार को चलता दिखा। सुग्रीव किला से रामजन्मभूमि जाने वाले रामजन्मभूमि पथ के निर्माण का भी काम जोरों पर था। सुग्रीव किला के पास मिले ज्योतिषी साकेत शरण बोले कि कभी मंदिर–मस्जिद विवाद के लिए अयोध्या जानी जाती रही, आज अयोध्या की नई पहचान बन रही है। मंदिर निर्माण के साथ रामनगरी का वनवास खत्म और विकास का मार्ग शुरू हो चुका है। हनुमानगढ़ी में मिले संत मामा दास बोले कि अब शौर्य, न गम, बज सृजन ही धर्म को अपनाने की जरूरत है। विवाद का काल और आज के काल की तुलना करके देख लीजिए फर्क आपको स्वयं महसूस होगा। विवाद के चलते जहां कोई अयोध्या आना नहीं चाहता था, आज पूरी दुनिया अयोध्या में उमड़ पड़ी है। कई बार पार्षद रहे हाजी असद ने कहा कि अब गम व गुस्से की जरूरत क्या है। नई अयोध्या में रोजगार की चाहत है, ताकि युवाओं को बाहर न जाना पड़े। महताब अहमद ने कहा कि दुकानें क्यों बंद करेंगे, अब अयोध्या का



गम दूर हो रहा है, तरक्की का सपना सच होते हम सभी देख रहे हैं। अतीत भूलकर हम कर नई शुरूआत : इकबाल अंसारी यौम–ए–गम का प्रमुख केंद्र मुद्दई मरहूम हाशिम अंसारी के घर पर सोमवार को सब कुछ सामान्य दिखा। हाशिम के पुत्र इकबाल अपने सुरक्षाकर्मी के साथ घर के सामने मैदान में टहल रहे थे। कहा कि श्रीराम जन्मस्थान होने के निर्णय के बाद यौम–ए–गम की कोई जरूरत ही नहीं है। हम अतीत भूलकर नई शुरूआत की तैयारी में है। इस विवाद ने अयोध्या को बहुत दर्द दिया है और दर्द को कौन याद रखना चाहता है। मुस्लिम समाज भी सब भूल चुका है और अयोध्या की तरक्की चाहता है। मारे गए लोगों के लिए होगी कुरानख्वानी बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे हाजी महबूब दोपहर की नमाज के बाद घर पर धूप सेंक रहे थे। हाजी महबूब के घर पर ही 1992 के बाद से छह दिसंबर को लेकर यौम–ए–गम के इजहार का कार्यक्रम होता रहा है। यहां लखनऊ–दिल्ली से नेता, मौलाना आते थे और छह दिसंबर 1992 की घटना पर विरोध जताते थे। हाजी महबूब ने कहा कि अब कोई गम नहीं मनाएंगे। बताया कि सिर्फ हिंसा में मारे गए लोगों के लिए कुरानख्वानी होगी। उसके बाद फातिहा पढ़ा जाएगा। छह दिसंबर को किसी आयोजन की जानकारी नहीं : विहिप विहिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा कहते हैं कि छह दिसंबर को किसी तरह के आयोजन की कोई जानकारी हमारे पास नहीं है। करोड़ों हिंदुओं का संकल्प राममंदिर निर्माण शुरू होने के साथ ही पूरा हो चुका है। विहिप व साधु–संतों ने हमेशा से ही जिम्मेदारी का परिचय दिया है। इसलिए अबकी बार भी छह दिसंबर को किसी आयोजन की जानकारी नहीं है। अब अयोध्या का पुरातन गौरव लौट रहा है। नई अयोध्या के निर्माण में अपना सहयोग करने की हम सब की भी जिम्मेदारी है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सरकारी परिषदीय स्कूलों के बच्चें ओएमआर सीट पर देगे परीक्षा

सुजानगंज जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : नई शिक्षा नीति 2020के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे निपुण कार्य क्रम के आकलन आधारित NAT निपुण एसेसमेंट टेस्ट दि 12/12/2022को आयोजित किया जाएगा। इसी परिपेक्ष में ब्लॉक सुजानगंज जौनपुर में आज दिनांक 06/12/2022को शासनादेश के क्रम बी ई ओ सुजानगंज जौनपुर



अरविन्द कुमार पांडेय द्वारा 150प्रधानाध्यापक व 150 परवेक्षको का कुल तीन बैच में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरख नाथ पटेल ने कहा कि परीक्षा की सुचिता बनाए रखें। ऑन लाइन डायट प्राचार्य डॉ एस एन यादव ने बताया कि परीक्षा की गम्भीरता को समझते हुए सम्पन्न कराए। बी ई ओ अरविंद पाण्डेय ने बताया कि परीक्षा की गम्भीरता तथा सुचिता बनाए रखने के लिए कुल 150परवेक्षक, कन्ट्रोल रूम, सचल दल बनाया गया है। प्रशिक्षक तच डा विनोद कुमार पाल ने बताया कि कक्षा एक से तीन के बच्चों की ओएमआर सीट शिक्षक भरेंगे, कक्षा 4से 8तक बच्चें स्वंय पेपर हल कर ओएमआर सीट भरेगे। ऊक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में अकादमिक स्टाफ प्रमोद कुमार सिंह, विवेक सिंह, अतुल कुमार सिंह, अभिनव मिश्र प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित होकर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न कराया।

## बाबा साहब अनेक कार्य करने के साथ हमारे संविधान निर्माता हैं –मनीष सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस के डी अकादमी की सभी शाखाओं में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। एस के डी अकादमी की सभी शाखाओं के बच्चों ने आज पूर्व कानून मंत्री, न्यायाधीश, अर्थशास्त्री, सामाजिक कार्यकर्ता व राजनेता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी को उनकी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में



श्रद्धा सुमन अर्पित किए । बच्चों ने उन्को नमन करते हुए उन के द्वारा किए गए कार्यों के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की। चाहे वो सामाजिक सहायता से जुड़ा हो या भारतीय संविधान के निर्माण का । इस अवसर पर संस्था के निदेशक मनीष सिंह ने भी पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब अनेकों कार्य करने के साथ हमारे संविधान के निर्माता हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यों से हमें शिक्षा लेनी चाहिए।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

भगवान उसकी मदद करते है जो खुद अपनीं मदद करता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## वैश्विक संकेतों पर निर्भर अर्थव्यवस्था : भारत का प्रदर्शन शानदार

भारतीय बाजार भी 2021 में अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से गिर गया, पर वैश्विक बाजारों की तुलना में इसने बेहतर प्रदर्शन किया है। और दिसंबर 2022 में भारतीय शेयर बाजारों ने अपने सर्वकालिक उच्च स्तर को फिर से हासिल कर लिया है।

वर्ष 2022 वैश्विक बाजारों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण साल है। दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व से लेकर यूरोपीय सेंट्रल बैंक तथा भारतीय रिजर्व बैंक तक ने बढ़ती मुद्रास्फीति से निपटने के लिए ब्याज दरों में वृद्धि की। बॉन्ड बाजार और शेयर बाजार, दोनों को सुधारों का सामना करना पड़ा। ऐसा बहुत कम होता है कि बॉन्ड और स्टॉक, दोनों में एक ही समय गिरावट आए, लेकिन 2022 में ऐसा हुआ। उभरते बाजारों के लिए संकट और ज्यादा था, क्योंकि अमेरिकी डॉलर अन्य मुद्राओं के मुकाबले मजबूत हुआ। भारत जैसे तेल आयात करने वाले देशों को इससे मुद्रास्फीति में तेजी की दोहरी खुराक मिली : पहले तेल की कीमतों में 120 अमेरिकी डॉलर/बैरल तक बढ़ोतरी और फिर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट। इससे भारत में और अधिक मुद्रास्फीति बढ़ी, जिसके कारण रिजर्व बैंक ने आपातकाल की घोषणा की, और बार–बार ब्याज दर में बढ़ोतरी की। इस बीच, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 100 अरब अमेरिकी डॉलर गिर गया।

कमोडिटी उत्पादकों और कमोडिटी निर्यातकों को छोड़कर उभरती बाजार की मुद्राओं का तेजी से मूल्यह्रास हुआ, इसके साथ कुछ देश कर्ज चुकाने में चूक के कारण डिफॉल्टर होने के कगार पर पहुंच गए। बहुत से देश अब अपने थोड़े से विदेशी मुद्रा भंडार पर भारी कर्ज के बोझ के साथ बैठे हैं। इस परिदृश्य में, विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा धन निकालने के कारण भारत को अन्य उभरते बाजारों के साथ चुनौतियों का सामना करना पड़ा। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अक्तूबर 2021 से जून 2022 के बीच बाजार से लगभग 33 अरब डॉलर निकाले।

भारतीय बाजार भी 2021 में अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से गिर गया, पर वैश्विक बाजारों की तुलना में इसने बेहतर प्रदर्शन किया है। और दिसंबर 2022 में भारतीय शेयर बाजारों ने अपने सर्वकालिक उच्च स्तर को फिर से हासिल कर लिया है। लेकिन जहां शेयर बाजार अब तक के उच्चतम स्तर को छू रहे हैं, वहीं अर्थव्यवस्था में मंदी देखी जा रही है। मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी पहली तिमाही के 13.5 फीसदी के मुकाबले घटकर 6.3 फीसदी रह गई है। यह मोटे तौर पर अपेक्षा के अनुरूप था, आधार प्रभावों के कारण गिरावट आई, जबकि सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि पहली तिमाही के 0.2 फीसदी से क्रमिक रूप से 1.4 फीसदी तिमाहीवार बढ़ी। कमजोर निजी खपत और औद्योगिक क्षेत्र के साथ उच्च निवेश और सेवाओं की भरपाई के साथ अंतर्निहित क्षेत्रीय वृद्धि मिली–जुली है।

भारत का विकास दर चक्र चरम पर है और व्यापक मंदी प्रक्रिया जारी है। हालांकि कम मुद्रास्फीति को आने वाले महीनों में निजी खपत बढ़ाने में मदद करनी चाहिए। सख्त वित्तीय स्थितियों और कमजोर वैश्विक मांग के प्रभाव से निवेश और निर्यात, दोनों पर दबाव पड़ेगा, जबकि महामारी के बाद सेवा क्षेत्र में काफी हद तक पकड़ मजबूत हुई है। अगले वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर मौजूदा वित्त वर्ष के सात फीसदी से घटकर छह फीसदी रह जाएगी। नवंबर में, विदेशी संस्थागत निवेशक फिर से भारतीय बाजारों में शेयर खरीदने लगे, जिससे 36,000 करोड़ रुपये का फंड आया। वैश्विक कारकों के चलते अल्पकालिक अस्थिरता के साथ भारतीय शेयर बाजार में तेजी अभी कुछ समय के लिए रहने वाली है।

बाजारों का बेहतर प्रदर्शन भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए क्या संकेत देता है? सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े उम्मीद के अनुरूप हैं। महामारी के बाद 'के' आकार की रिकवरी को देखते हुए उम्मीद है कि आने वाली तिमाहियों में जीडीपी विकास की गति में और तेजी से कमी आएगी, क्योंकि ग्रामीण खपत और निजी क्षेत्र में निवेश की कमी के साथ–साथ वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में मंदी के कारण निर्यात वृद्धि कम होने से जीडीपी पर असर पड़ेगा। त्योहार के मौसम में बंपर बिक्री के वास्तविक साक्ष्य के बावजूद खपत में वृद्धि और पुनरुद्धार चिंताजनक रूप से के–आकार का बना हुआ है, ग्रामीण मजदूरी में वृद्धि काफी हद तक कम है, और उपभोक्ताओं की भावना महामारी से पहले के स्तर से नीचे है। नवंबर में ऑटोमोबाइल क्षेत्र में सुस्ती आने वाले महीनों में उपभोक्ता मांग में कमी की ओर इशारा करती है।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार भी चुनौतीपूर्ण समय में प्रवेश कर चुका है, जैसा कि अक्तूबर और नवंबर में निर्यात (और आयात) में गिरावट से स्पष्ट है। सरकारी व्यय भी बहुत मौन और लक्षित रहा है। सख्त मौद्रिक परिदृश्य और वैश्विक आवेगों के कमजोर पड़ने के साथ सख्त राजकोषीय नियंत्रण के वातावरण में अगले वर्ष आर्थिक मंदी जैसी स्थितियां हो सकती हैं। हालांकि वित्त वर्ष 2024 में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होगा, लेकिन मौजूदा वित्त वर्ष की तुलना में विकास दर में थोड़ी गिरावट आएगी। विभिन्न आर्थिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आने वाले दशकों में और अधिक मजबूत विकास की आवश्यकता है, जो फिलहाल चुनौतीपूर्ण लग रहा है। इस साल अधिकांश विकसित अर्थव्यवस्थाएं–यूरोप से ब्रिटेन और अमेरिका तक मंदी की चपेट में रहेंगी, जैसा कि पहले की मंदी में हुआ था। घरेलू खपत आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था इन बाहरी झटकों को सह सकती है, लेकिन अंततः ये भारत में भी जीडीपी को धीमा कर देती हैं। इस बार भी ऐसा ही होगा। यदि वैश्विक मंदी हल्की और अल्पकालिक होगी, तो भारत तेजी से वापसी करेगा। लेकिन अगर यह तीव्र और लंबे समय तक चलने वाली मंदी होगी, तो भारत भी इसमें फंस जाएगा।

न केवल निर्यात में गिरावट आने की आशंका है, बल्कि निवेश भी कमजोर रह सकता है। इसके अलावा, घरेलू वित्तीय स्थितियों को सख्त बनाने और कमजोर खपत के बुनियादी सिद्धांतों का भी कॉरपोरेट कमाई पर असर पड़ेगा। भारतीय शेयर बाजार तो बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन जमीनी स्तर की आर्थिक वास्तविकता वैश्विक परिदृश्य पर निर्भर है, जो कुछ दरारें दिखा रही है। हमें अगले तीन महीने तक सतर्क रहना होगा, जब तक कि वैश्विक मंदी की स्पष्ट तस्वीर नहीं मिल जाती।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## कैनाल रोड पर खड़े युवक से बाइक सवारों ने छीना मोबाइल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शहर में एक बार फिर झपट्टा मार लूट हो गई। बाइक सवार लुटेरे सड़क के किनारे खड़े युवक के हाथ से उसका मोबाइल छीन कर भाग निकले। पुलिस का कहना है कि सर्विलांस की मदद से छानबीन की जा रही है। इससे पहले भी शहर में इसी तरह के मामले सामने आ चुके हैं। बताया गया है कि रविवार की रात में चंदीपुरवा निवासी शुभांकर गुप्ता कैनाल रोड पर एक नर्सिंग होम के बाहर सड़क के किनारे खड़ा हुआ था। इसी बीच एक बाइक पर सवार तीन लोग उसके सामने से निकले और झपट्टा मार कर शुभांकर गुप्ता के हाथ से उसका मोबाइल लूट कर जिंदपीर चौराहे की तरफ भाग निकले। शुभांकर का कहना है कि देर रात को उसका मोबाइल डा.तोमर वाली गली की लोकेशन बता रहा था। लेकिन जब छानबीन की गई तो वहां कोई सुराग नहीं लगा। उसने जेल पुलिस चौकी में तहरीर दी है।इस बारे में पुलिस का कहना है कि सर्विलांस की मदद ली जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

## महिलाओं की मुट्ठी में होगी शहरों की सियासत : 17 में से छह नगर निगम महिलाओं के लिए सुरक्षित

लखनऊ ब्यूरो : पश्चिमी उप्र के नगर निगमों में अब महिलाओं के हाथ में सत्ता होगी। नगर निकाय के लिए जारी हुए आरक्षण में कुल छह नगर निगम सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं जिनमें से पांच निगम पश्चिमी उप्र के हैं। यानी इन पांच शहरों में महिला महापौर चुनी जाएंगी। शहरी सत्ता का पूरा केंद्र महिलाओं के ईद गिर्द ही रहेगा। सोमवार को नगर निकाय चुनाव में आरक्षण जारी कर दिया गया। प्रदेश के कुल 17 नगर निगमों के लिए भी महापौर चुनाव का आरक्षण जारी कर दिया गया। इनमें कुल छह निगमों में महिलाओं के लिए ही आरक्षण तय किया गया है। अयोध्या में महिला उम्मीदवार मैदान में उतरेंगी। केवल अयोध्या को को छोड़ दिया जाए तो पांचों नगर निगम पश्चिमी उप्र के हैं जहां महिला महापौर सत्तासीन होंगी। इनमें आगरा में अनुसूचित जाति महिला, मथुरा वृंदावन में ओबीसी महिला, अलीगढ़ में भी ओबीसी महिला, सहारनपुर एवं मुरादाबाद में महिला उम्मीदवार ही महापौर का चुनाव लड़ पाएंगी। इन निगमों में महिलाओं का आरक्षण तय होने के कारण समीकरण पूरी तरह से उलट पुलट गया है। कई पुराने दिग्गज जहां अपनी पत्नी को चुनावी रण में उतारने का गणित लगाने लगे हैं तो कई के अरमान बह गए हैं। इन शहरों में एक भी



महिला विधायक नहीं है हैरत की बात यह है कि इन शहरों में आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में एक भी महिला विधायक नहीं है। यहां विधायक प्रत्याशियों को अधिकतर दलों ने टिकट ही नहीं दिया। एक दो उम्मीदवार को टिकट मिला भी तो वह जीत नहीं पाई। यानी इन शहरों में महिला राजनीति इन्हीं महिलाओं के पास रहेगी। इससे महिला सशक्तीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। बस तीन शहर रह गए पश्चिमी उप्र के बस तीन निगम ऐसे रह गए जो महिलाओं के लिए आरक्षित नहीं है। मेरठ में हाल में महिला महापौर हैं। इस बार मेरठ को ओबीसी में सुरक्षित किया गया है। इसके अलावा बरेली और शाहजहांपुर को अनारक्षित में रखा गया है। हालांकि यहां से महिलाएं भी चुनावी मैदान में उतर सकती हैं।

## एसी से निकलने वाली गर्म हवा को करेगा कूल

लखनऊ ब्यूरो : आरएलबी सेक्टर तीन विकास नगर के 10वीं के छात्र सात्विक मिश्रा ने इनवायरोकूल तैयार किया है, इससे एसी–जेनरेटर आदि से निकलने वाली गर्म हवा को कूल किया जा सकेगा। सात्विक के अनुसार, हम एक एग्झास्ट से गर्म हवा को एक कूलर रूपी यंत्र में भेजेंगे। इसमें घास के साथ, मिट्टी के खपड़े लगे हैं। जो पानी से हवा को कूल करेंगे और आसपास ठंडी हवा भी देंगे। इसकी लागत लगभग 9500 रुपये है। कुछ ऐसे ही इनोवेटिव मॉडल का प्रदर्शन इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना की जनपद स्तरीय प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने किया। सोमवार को मोंटफोर्ट इंटर कॉलेज महानगर में लगी इस प्रदर्शनी में 11 जिलों के 313 बाल वैज्ञानिकों ने अपने नवाचारों का प्रदर्शन किया। अधिकतर युवाओं ने पर्यावरणीय समस्याओं का वैज्ञानिक तरीके से समाधान तैयार किया है। साथ ही भविष्य की चिंता भी की है। इसमें प्रमुख रूप से गर्मियों में बिजली–डीजल चालित यंत्रों से निकलने वाली गर्म हवा, शहर से निकलने वाले सीवेज, गेहूं आदि की कटाई के दौरान निकलने वाली धूल, प्लास्टिक का प्रयोग ब्रिक्स बनाने में, कूड़े से बिजली बनाने में, हाई–वे पर होने वाली दुर्घटनाओं के लिए सुरक्षा व्यवस्था, लड़कियों की सुरक्षा व दिव्यांगों की सहायता के लिए तैयार इनोवेटिव मॉडल काफी सराहे गए। इससे पहले प्रदर्शनी का उद्घाटन डीएम सूर्यपाल गंगवार ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नई टेक्नोलॉजी का अच्छा प्रयोग कर रहे हैं। इससे उनके अंदर सीखने की और जिज्ञासा पैदा होगी। छात्र अपने आसपास की समस्याओं का हल खोजने का प्रयास करें। चयनित होने वाले विजेता 20–21 दिसंबर को लखनऊ में ही इंस्पायर योजना की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेंगे। प्रदर्शनी में डॉ. मो. रईस शेख, डॉ. ऋचा पांडेय, डॉ. अशोक मिश्रा, कमलेश शर्मा, डीआईओएस राकेश पांडेय, सह जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय जुबली इंटर कॉलेज धीरेंद्र मिश्रा, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे। दिव्यांगों की राह आसान करेगी थर्ड आई ब्राइटलैंड इंटर कॉलेज के 11वीं के छात्र राज मिश्रा ने दिव्यांगों की राह आसान करने के लिए थर्ड आई फॉर ब्लाइंड तैयार की है। इसमें अल्ट्रासोनिक सेंसर से एक निर्धारित दूरी पर किसी ऑब्जेक्ट के आने से स्टिक वाइब्रेट करने लगेगी। वहीं एलडीआर सेंसर से संबंधित व्यक्ति को दिन है या रात इसके बारे में पता चल सकेगा। सेंसर से ही किसी तरह की दिक्कत होने पर एक बटन से वह अपने परिचित को मैसेज भी भेज सकेंगे। यह महज 500 रुपये में तैयार हो जाएगी। राज ने एक स्मार्ट डस्टबिन भी बनाया है, जिससे अल्ट्रासोनिक सिस्टम से एक निधारित दूरी पर आने पर ढक्कन ऑटोमेटिक खुल जाएगा और फिर बंद हो जाएगा। इससे कूड़ा सड़क पर नहीं फैलेगा। कूड़ेदान भरने का मैसेज भी संबंधित संस्था को चला जाएगा। गंदे पानी को साफ करेगा नेक्स्ट जेनरेशन ड्रेनेज सिस्टम मोंटफोर्ट इंटर कॉलेज के 11वीं के छात्र त्रिनभ दीक्षित ने नेक्स्ट जेनरेशन ड्रेनेज सिस्टम तैयार किया है। शहर से निकलने वाले सीवेज के पानी के ट्रीटमेंट व नदियों के जल को शुद्ध करने को ध्यान में रखकर इसे तैयार किया गया है। त्रिनभ ने बताया कि इसमें एक टू स्टेप फिल्टर सिस्टम होगा। पहले में फिल्टर पेपर से मिट्टी आदि गंदी चीज को छाना जाएगा और दूसरे कार्बन फिल्टर से अन्य प्रदूषित चीजों को फिल्टर किया जाएगा। वहीं अल्ट्रा वायलट किरणों से कीड़ों को मारा जा सकेगा और अंत में साफ ट्रीटेट पानी निकलेगा। इस पर करीब 7000 रुपये का खर्च आ रहा है।

## सैन्य साहित्य सम्मेलन में सुनाए रोचक किस्से

लखनऊ ब्यूरो : सूर्या ऑडिटोरियम में सैन्य साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। पहले सत्र में प्रमोद कपूर की लिखी पुस्तक 1946 लास्ट वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस–रॉयल इंडियन नेवी म्यूटनी को लेकर चर्चा हुई। लेखक के साथ कोमोडोर डॉ. श्रीकांत बी केसनूर ने संवाद किया। परिचर्चा में सामने आया कि जानबूझकर ऐतिहासिक तथ्यों को नगण्य श्रेणी में रखा गया या छिपाया गया। द्वितीय सत्र में स्क्वाड्रन लीडर तूलिका रानी के साथ उनकी पुस्तक बियांड द वॉल–रिडेम्पशन ऑन वॉल पर चर्चा की पर्वतारोही रहे कर्नल गौरव कार्की ने। कर्नल वर्तमान में लखनऊ विश्वविद्यालय में एनसीसी बटालियन कमांडर हैं। तूलिका ने एवरेस्ट की चढ़ाई से पहले की कहानी सुनाते हुए कहा कि आप प्रैक्टिस के दौरान शारीरिक रूप से तो प्रशिक्षक की सहायता से खुद को तैयार कर लेते हैं, लेकिन मानसिक रूप से आपकी खुद की तैयारी होती है। जब आप एवरेस्ट से मिलने आगे बढ़ते हैं तो मौत, डर और जीत में से आपको एक ही चीज चुननी होती है। कम नहीं वीर नारियों का संघर्ष मिनी वैद की पुस्तक फतेह का लोकार्पण मध्य कमान आवा की अध्यक्ष ने किया। लेखिका से संवाद किया लविवि की प्रोफेसर निशी पांडे ने। वीर नारियों का त्याग, उनके संघर्ष की कहानी को मार्मिक तरीके से इसमें शब्दों में ढाला गया है। एक बेटी जब ये कहती है कि पापा के बारे में बताओ तो मां जिस तरह से बयां करती है, वह एक महिला की मजबूती की भावनात्मक व्याख्या है जिसने सुनने वालों को बांधा। युद्ध और शांति की तलाश के साथ अंत परिचर्चा के अगले चरण में द ईस्टर्न गेट के लेखक सुदीप चक्रवर्ती से साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष मेजर जनरल एचके सिंह ने वार्ता की। इसमें पूर्वोत्तर में शांति के लिए सरकारी प्रयासों की सराहना पर बात हुई, साथ ही जनमानस के दिल में जगह बनाने पर भी जोर दिया गया। इनका हुआ सम्मान विंग कमांडर एमए अफराज, कैप्टन यशिका एच त्यागी, स्क्वॉड्रन लीडर राना एस चिन्ना, मिलेट्री हिस्ट्री रिसर्च फाउंडेशन, मेजर जनरल नितिन पी गडकरी, मिनी वैद, युवा लेखिका तूलिका रानी, समीर चोपड़ा, प्रमोद कपूर, सुदीप चक्रवर्ती।

## अंबेडकर के विचारों ने लाखों युवाओं को प्रेरित किया – सीता शर्मा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रायोजित वयोश्रेष्ठ मन्दिरम(वृद्धाश्रम) अल्लीपुर, हरदोई में भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के परनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आश्रम प्रबंधक सुश्री शीला जी ने कहा कि भारत में संविधान के निर्माता है।डॉ भीमराव आम्बेडकर जिन्हें डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम से भी जाना जाता है, उनका जन्म दिन 14 को 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। भारत के सबसे प्रमुख समाज सुधारकों में से एक, अंबेडकर को भारत की जाति व्यवस्था द्वारा उत्पन्न असमानताओं के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए जाना जाता है। एक दलित परिवार में जन्मे, अंबेडकर अपने समुदाय के शोषण और भेदभाव को देखते हुए बड़े हुए, जिससे उन्हें समानता के लिए आजीवन धर्मयुद्ध शुरू करने के लिए प्रेरणा मिली।बाबा साहेब की पहचान एक न्यायविद, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में रही हैं। लेखाकार श्रीमती रूचि मिश्रा ने कहा कि बाबा साहब वह संविधान निर्माता और आजाद भारत के पहले कानून मंत्री थे। देश के लिए किए गए उनके योगदान को लेकर हर साल उनकी जयंती मनाई जाती है।अंबेडकर



के विचारों ने लाखों युवाओं को प्रेरित किया और उनके विचारों पर चलकर कई युवाओं की जिंदगी बदल गई। श्रीमती सीता शर्मा ना कहा आज बाबा साहेब विचार जिंदगी के हर कठिन क्षण में आपको प्रेरित करेंगे..अंबेडकर के विचारों ने लाखों युवाओं को प्रेरित किया और उनके विचारों पर चलकर कई युवाओं की जिंदगी बदल गई। बाबा जी का कहना था मुझे वह धर्म पसंद है जो स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सिखाता है। मैं एक समुदाय की प्रगति को उस डिग्री से मापता हूं जो महिलाओं ने हासिल की है। इस अवसर पर 103 बाबा दादी तथा समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विशेष टीकाकरण अभियान को लेकर आशाओं को किया गया प्रशिक्षित

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : मंगलवार को पाली नगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आशाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसमें जनवरी, फरवरी और मार्च महीने में तीन चरणों में चलने वाले विशेष टीकाकरण को लेकर आशाओं को प्रशिक्षित किया गया साथ ही प्रशिक्षण में हेड अकाउंट सर्वे एवं ई– कवच पोर्टल पर सर्वे का डाटा फीड करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण मिजिल्स रूबेला उन्मूलन के लिए चलने वाले अभियान के लिए दिया गया। बताया गया कि प्रशिक्षण के उपरांत तीन चरण में टीकाकरण एम0आर0 उन्मूलन अभियान चलेगा। विशेष टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण में 09 से 20 जनवरी तक चलेगा। द्वितीय चरण में 13 फरवरी से 24 फरवरी तक चलेगा। तृतीय चरण में 13 मार्च से 24 मार्च तक विशेष टीकाकरण अभियान चलेगा। प्रशिक्षण में आशाओं को बताया गया कि विशेष टीकाकरण अभियान के अंतर्गत टीके की खुराकों से एक भी घर छूटना नहीं चाहिए। सभी आशाओं को घर–घर जाकर शून्य से पाँच वर्ष तक के बच्चों जिनको एमआर वैक्सीन नहीं लगी है चिन्हित कर मिजेल्स रूबेला का



टीकाकरण किया जायेगा।प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए डीएमसी संजू कश्यप ने कहा कि सभी आशाएं घर–घर सर्वे कार्य में गंभीरता दिखायें।घर बैठकर कार्य नहीं करना है। डब्ल्यूएचओ प्रशिक्षक मनीष ने भी विशेष टीकाकरण अभियान को लेकर आशाओं को प्रशिक्षित किया।आपको बता दें कि भारत सरकार एवं उत्तरप्रदेश सरकार दिसम्बर 2023 तक एम0आर0 उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर बीसीपीएम राजीव कुमार सिंह, बीडीसी अर्चिता देवी,बीएमसी यूनिसेफ कल्पना मिश्रा,एवं डीएमसी संजू कश्यप के अलावा काफी संख्या में आशाएं मौजूद रहीं।

## सघन स्वयंसेवी नामांकन कार्यक्रम की बैठक का आयोजन संपन्न

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : मंगलवार को पाली नगर के सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कॉलेज में कक्षा 11 व 12 के युवा छात्र/छात्राओं को लेकर नेहरू युवा केन्द्र हरदोई के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी आदरणीया प्रतिमा वर्मा के दिशानिर्देशन में "सघन स्वयंसेवी नामांकन कार्यक्रम की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन अध्यक्ष युवा मंडल पाली शारद प्रशान्त कुमार 'पी.के.' ने किया, अध्यक्षता राष्ट्रीय युवा कोर स्वयंसेविका श्यामलता ने की व अतिथि के रूप में विद्यालय के भूगोल प्रवक्ता विनोद प्रताप वर्मा व संस्कृत प्रवक्ता श्री राजेश प्रकाश मिश्र रहे। इस बैठक में लगभग



60 युवा छात्र/ छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर दिव्या, शिवम, पुनीत आदि भी मौजूद रहे।

## अगवा बच्चे का मिला शव : दीवार पर पत्र चस्पा कर मांगी थी तीस लाख की फिरौती

देवरिया ब्यूरो : देवरिया के अंजुमन इस्लामिया के एक सात वर्षीय छात्र नासिर चार दिसंबर की सुबह दस बजे लापता हो गया था। जिसका शव हाटा के पास मिला है। बताया जा रहा है कि मासूम का गला दबाकर हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि बच्चे के अपहरण के बाद परिजनों ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी थी। इसी बीच मंगलवार की सुबह परिजनों ने देखा कि दुकान के दीवार किसी ने पत्र चस्पा कर बेटे के अपहरण से मुक्त कराने के लिए तीस लाख रुपये फिरौती मांगी। रुपये न देने पर हत्या करने की धमकी दी। शहर के कसया बाइपास रोड निवासी ईद मुहम्मद का पुत्र नासिर सात वर्ष चार दिसंबर की सुबह दस से लापता था। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन पता नहीं चला। मंगलवार को घर के पास मजार के समीप पिता की दुकान पर किसी ने एक पत्र चस्पा



बताया है कि बेटे का अपहरण कर लिया गया है। पत्र में बताया कि तुम्हारे मोहल्ले के एक आदमी ने एक लाख रुपये देकर अपहरण कराया है। अगर लड़का चाहिए तो तीस लाख रुपये लेकर दस दिसंबर को कुशीनगर के नैका छपरा के मदरहा के पास कसया एयर पोर्ट के मैदान पर कहीं रख देना। रुपये रख कर घर आ जाना। तुम्हारे बेटे को दुकान पर रख दिया जाएगा, यह आखिरी सूचना है। पिता ने इसके बाद पुलिस इस मामले की जानकारी दी। सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि अपहरण किए गए बच्चे का शव बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है। तीन रिश्तदारों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## कर्मो से होती है व्यक्ति की पहचान सुधाकर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा के टिकरी खुर्द में यही के निवासी रहे संस्कृत भाषा के उद्भट विद्वान व पीजी कालेज प्रतापगंज के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो मुकुटधारी मिश्र की पांचवी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व प्रमुख सुधाकर उपाध्याय ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कर्मो से होती है। प्रो मुकुटधारी मिश्र ऐसे विद्वान थे जिनकी कक्षा में विद्यार्थी दरवाजे व खिड़की के पास भी खड़े होकर उनका व्याख्यान सुनते थे। वे सच्चे अर्थों में मानवता के पोषक थे। वे गरीब छात्रों की आर्थिक मदद भी किया करते थे। समाज को सदैव उनकी कमी खलेगी। प्रो मिश्र के साथ अध्यापन कार्य करने वाले राम अधार मिश्र ने कहा कि वे बड़े वाकपटु व विनोदी स्वभाव के थे।किसी गम्भीर विषय को भी वे बड़े आमोद प्रमोद के माहौल में बदल देते थे। वक्ताओं में प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता डॉ राकेश मिश्रा मंगला, गुलाब चंद तिवारी ,सुरेंद्र उपाध्यय,भाजपा के मण्डल अध्यक्ष अजय मिश्र, पूर्व प्रधानाचार्य अभय राज उपाध्याय रहे। प्रारम्भ में उपस्थित अभ्यागतों का उनके पुत्र ईश्वरी कुमार ने स्वागत किया।लोगों ने प्रो मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस मौके पर उनके पुत्र ईश्वरी कुमार मिश्र व माहेश्वरी मिश्र द्वारा 50 जरूरत मंद गरीबो को कम्बल वितरित किया गया। कर्यक्रम में दिनेश उपाध्याय,भृगुनाथ मिश्र,विजय प्रताप तिवारी,भोले सिंह, महेंद्र मिश्र,जनार्दन तिवारी ,राम आसरे दुबे, कृष्ण कांत दुबे,ओम प्रकाश तिवारी,रिंकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग रहे। अध्यक्षता राम आधार मिश्र संचालन राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत सेवा निवृत्त शिक्षक लल्लन उपाध्याय ने किया। आभार ज्ञापन श्री प्रकाश मिश्र ने किया।

## मुम्बई जा रहे यात्री की जंघई स्टेशन पर हार्टअटैक से मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जंघई जक्शन रेलवे स्टेशन पर बीती रात ट्रेन पकडने आये अधेड की सीने मे तेज दर्द होने के बाद मौत हो गयी उसके बाद जीआरपी ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भदोही जिले के दुर्गागंज थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी हरिहर 54 पुत्र बुधीराम प्रजापति अपने पिता के साथ रोजी रोटी के लिए सूरत जाने के लिए बीती रविवार रात गाजीपुर बांद्रा एक्सप्रेस पकड़ने के लिए जंघई रेलवे स्टेशन पर आया था उसके सीने में तेज दर्द हुआ तो उसने अपने पिता बुधीराम से बताया कि हमारे सीने में बहुत ज्यादा दर्द हो रहा है मृतक के पिता ने प्लेटफार्म नंबर एक पर ही उसे लिटा दिया कुछ ही देर में उसकी सांसें बंद हो गई उसने इसकी सूचना जंघई आरपीएफ और जीआरपी को दिया आरपीएफ जीआरपी तुरंत मौके पर आई एंबुलेंस बुलवाकर इलाज के लिए भेजवाया पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया जीआरपी जंघई ने अन्य परिजनों को सूचना देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया । जीआरपी भदोही चौकी इंचार्ज राजेश सिह जो की जंघई जीआरपी का भी अतिरिक्त प्रभार देख रहे है ने बताया की शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## प्रधानाध्यापक के न आने व एमडीएम का भोजन न बनने की शिकायत पर जांच करने पहुँचे –एआरपी डॉ अमरेंद्र सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी विकास खण्ड के सम्पति पाठक (पठखौली) कम्पोजिट विद्यालय पर एमडीएम न बनने व प्रधानाध्यापक के न आने की शिकायत ग्रामीण ने खण्डशिक्षा अधिकारी से की है।खण्डशिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच के लिए एआरपी को मौके पर भेजा है।जांच के लिए पहुँचे एआरपी को शिकायत सही मिली है। गांव के रवि प्रकाश पाठक ने प्रार्थना पत्र देकर खण्ड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह से शिकायत किया कि सम्पति पाठक ग्राम सभा के पठखौली कम्पोजिट विद्यालय पर पिछले 15 दिनों से एमडीएम गुणवत्ता विहीन बनवाया जा रहा है। सोमवार को विद्यालय में एमडीएम नही बनवाया जा रहा था। साथ ही विद्यालय पर तैनात प्रधानाध्यापक भी एक माह से अधिकांश दिन अनुपस्थित रहते है,और वह समय से विद्यालय नही आते है।मामले की गंभीरता से लेते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह ने तत्काल मौके पर जांच के लिए एआरपी डॉ अमरेंद्र सिंह को भेजा है।इस सम्बंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी से बात किया गया तो उन्होंने बताया की मामले की जानकारी होने पर जांच करने के लिए एआरपी डॉ अमरेंद्र सिंह को भेजा गया था वहां शिकायत सही पाया गया हैं,मामले को संज्ञान में लेते हुये कार्यवाही की जायेगी।

## धूमधाम से मनाया गया बीआरपी इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीआरपी इंटर कॉलेज जौनपुर के प्रांगण में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद व मुंशी काली प्रसाद भास्कर एवं बंशीधर की जन्म जयंती के अवसर पर विद्यालय का वार्षिकोत्सव 3 दिसंबर 20 22 को छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया ।जिसमें वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि के सांसद श्याम सिंह यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आशुतोष सिन्हा एमएलसी तथा बिरेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट इनकम टैक्स रहेस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला जज अजय कुमार श्रीवास्तव ने कियास वार्षिक उत्सव के अवसर पर डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की जन्म जयंती को पुष्प अर्पित करते हुए छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम अद्भुत रूप से प्रस्तुत किया गया जो लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया ,कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र सिंह ने विद्यालय के का प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया और विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा प्राप्त उपलब्धियों के से अवगत कराया गया ।शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता पर भी प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों




का उत्साहवर्धन किया गया और उन्हें सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के होनहार छात्र छात्राओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान भी अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में बीआरपी इंटर कॉलेज के अध्यक्ष रविंद्र अस्थाना, प्रबंधक हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, राजीव प्रकाश श्रीवास्तव दिलीप श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष,डॉक्टर प्रकाश चंद श्रीवास्तव ,अंशु श्रीवास्तव, हरीश चंद्र श्रीवास्तव, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार , दीपू श्रीवास्तव सम्मानित प्रबंध समिति के सदस्य गण एवं प्रधानाचार्य डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह, डॉक्टर जयप्रकाश सिंह बाबा, डॉक्टर जंग बहादुर सिंह, मोहम्मद नासिर खान , एमएलसी प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, अमरेश सिंह, अरविंद कुमार सिंह ,हृदय कुमार सिंह ,ऋषि श्रीवास्तव , प्रकाश चंद्र यादव, धर्मेंद्र यादव, विनीत यादव ,विमल श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव ,विजय प्रकाश , विद्यानिवास मिश्र एवं मनोज मिश्रा संतोष श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अजय वर्मा दिलीप श्रीवास्तव उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन ऋषि श्रीवास्तव ने किया।

# निर्माणाधीन सरयू नहर ओवरफ्लो : सैकड़ों एकड़ खेत में जलभराव

गोरखपुर ब्यूरो : सरयू नहर परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन नहर रविवार रात में ओवरफ्लो हो गई। इसके पानी से किसानों की सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न हो गई है। किसानों ने बढ़ते जलस्तर से परेशान होकर शिकायत अधिकारियों से की। इसकी सूचना पाकर तहसीलदार ने मौके पर पहुंच कर किसानों की क्षति को लेकर नहर विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया। फरेंदा क्षेत्र के परसाबेनी, फरेंदा बुजुर्ग लेजार महदेवा होते हुए निर्माणाधीन सरयू नहर के किनारे की मिट्टी की खुदाई करने के कारण विभाग द्वारा पानी रोकने से नहर पूरी तरह से ओवरफ्लो होकर बहने लगी। इसके कारण कई एकड़ गेहूं की बुआई किए गए खेतों में पानी भर गया। क्षेत्र के किसान राकेश, दिनेश, मातेश्वर, निर्मल, मुरलीधर, त्रिवेनी व पल्टू आदि के खेतों में पानी भर गया है। पूर्व ग्राम प्रधान सीताराम यादव, क्षेत्र



पंचायत सदस्य प्रमोद जायसवाल व रामप्रसाद आदि ने किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की। ग्राम प्रधान सुकांत ने बताया कि गांव के किसानों की समस्या को एसडीएम सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। तहसीलदार रामअनुज त्रिपाठी ने बताया कि मौके का निरीक्षण कर विभाग को समस्या दूर करने के लिए कहा गया है। किसानों की फसल को नुकसान नहीं हुआ है।

# जीवीपी विलोपित प्वांट्स का एसडीएम ने किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगरपंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक सात पुरानी बाजार में स्थित तालाब के पास विलोपित जीवीपी प्वांट्स का एसडीएम डा0 प्रदीप कुमार ने अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह के साथ सोमवार को निरीक्षण किया! निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कूड़े के ढेर को साफ करा कर ईओ ने उस स्थान का सौन्दर्यीकरण कराने के साथ ही अस्थायी सेल्फी प्वांट्स बनाया है! उपजिलाधिकारी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर चलाए गये स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत अधिशासी अधिकारी ने गार्बेज बल्नरेबल प्वांट्स को विलोपित कर स्थान का सौन्दर्यीकरण कराया है! उन्होंने बैठने के लिए बेंच , वाटरपाम, तिरंगा लाइट के साथ ही पौधरोपण कराया है! एसडीएम ने ईओ को निर्देशित किया कि शहर के सभी बल्नरेबल प्वांट्स को विलोपित कर शहर सुन्दर व स्वच्छ बनाएं!

## भाई ने अपने ही भाई की चाकू मारकर की हत्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के सरायडीह गांव में रविवार की देर रात किसी बात को लेकर भाई ने ही अपने भाई की हत्या कर दी। सूचना पर सुरेरी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजकर कार्रवाई में जूट गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरायडीह में रविवार की देर रात किसी बात को लेकर दो सगे भाई संजय कनौजिया व संतोष कनौजिया के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। ग्रामीणों की माने तो दोनों भाइयों में विवाद के दौरान जमकर चाकू बाजी हुई जिसमें चोटिल होने से संजय कनौजिया की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर सुरेरी पुलिस मौके पर पहुंचकर आनन फानन में बहुत ही गोपनीय तरिके से शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजकर मामले की कारवाई में जुट गई। अधेड़ की मौत को लेकर क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चा हो रही है । इस संबंध में थानाध्यक्ष सूरेरी रमेश कुमार ने बताया दो सगे भाइयों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिसमें चोट लगने से संजय की मौत हो गई शव को पीएम के लिए भेजा गया है मामले की कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय लोहराखोर में चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर हजारों रूपये के सामान पर हाथ साफ किया मालूम हो कि बीती रात को चोर विद्यालय की बाउंड्री वाल फाद कर अंदर प्रवेश कर गये और तीन कमरों के दरवाजे का ताला तोड़ कर चार पंखा छ यल ई डी बल्ब खेल का सामान बायोमेट्रिक मशीन और उसके पार्ट दरवाजे का पर्दा वगैरह समेत अन्य सामान को चोरी कर उठा ले गयें चोरी की जानकारी तब हुई जब सोमवार को विद्यालय खुला प्रधानाध्यापक राजदेव मौर्या के द्वारा विद्यालय में हुई चोरी की घटना की लिखित सूचना चंदवक पुलिस को दी है पुलिस मामले की जांच में जुटी है। चंदवक, थाना अध्यक्ष विजय शंकर सिंह बताया कि लिखित सूचना मिली है मौका देखा गया कार्रवाई चल रही है।

## किसी भी समय धराशायी हो सकता है प्राथमिक विद्यालय रामनगर उपधान का जर्जर भवन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र का रामनगर उपधान गुम्बदाकार प्राथमिक विद्यालय भवन जर्जर पुराना किसी भी समय धराशायी हो सकता है !यद्यपि प्रभारी प्रधानाध्यापक छोटेलाल प्रजापति व अन्य तैनात अध्यपको की सूझबूझ से सैकडो बच्चो का पठन पाठन कभी पेड के नीचे तो कभी आंगनवाडी भवन से लेकर अतरिक्त कक्ष मे कराया जाता है ! बीआरसी महराजगंज अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रामनगर उपधान गुम्बदाकार काफी पुराना जर्जर है दीवार से लेकर छत तक सब क्रेक हो चुका है जहां नामांकित 103 बच्चो की पढाई भवन जर्जर होने के कारण खुले आसमान के नीचे पेडो की छांव व अतरिक्त कक्ष मे सभी एक से लेकर पांच तक के बच्चो को एक ही साथ बैठ कर पढना पड़ता है !इस सम्बन्ध मे खण्ड शिक्षाअधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डेय का कहना है कि प्राथमिक विद्यालय समेत महराजगंज क्षेत्र मे 22जर्जर विद्यालय भवन की सूची शासन को भेजी जा चुकी है जिसमे गजाधरपुर ,पोखरा,राजाबाजार ,अन्य कई शामिल है।

# ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेतासराय क्षेत्र के गोरारी खलीलपुर के पास सोमवार को ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार गोरारी खलीलपुर गांव निवासी राजदेव 65 भोर में रेलवे लाइन की तरफ शौच के लिए गया था। इस दौरान किसी ट्रेन के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सुबह काफी देर बाद घर न लौटने पर परिजन तलाश में निकले तो वृद्ध राजदेव का शव रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत मिला। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक का एक पुत्र चंद्रशेखर है। परिजनो के अनुसार मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। थानाध्यक्ष यजुवेंद्रकुमार सिंह ने बताया रेलवे ट्रेक पर शव मिला था । शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पी एम रिपोर्ट के बाद अग्रिम कारवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने किया धान क्रय केंद्र का निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास खण्ड केराकत के नरहन में सोमवार शामको जिलाधिकारी जौनपुर मनीष वर्मा ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया, व कहा कि किसानों को क्रय केंद्र का रेट बताते हुए जागरूक करिये। नरहन धान क्रय केंद्र पर निरीक्षण करने पहुचे जिलाधिकारी



जौनपुर मनीष वर्मा ने एडीओ कोऑपरेटिव सुभाष चन्द्र यादव से खरीद के बारे में जानकारी ली, एडीओ कोऑपरेटिव ने बताया कि कलतक 508 कुंटल की खरीद हुई थी व आज किसान अंकित से 96 कुंटल तो नरेंद्र बहादुर सिंह निवासी बम्बावन 24 कुंटल 40 किलो धान की खरीद हुई है, तो वहाँ मौजूद किसान नरेन्द्र बहादुर सिंह से जिलाधिकारी ने खरीद व रेट के बारे में जानकारी ली, क्रय केंद्र प्रभारी सोनल सिंह ने बताया कि 2040 रुपये प्रति कुंटल से खरीद हो रही है, जिलाधिकारी के पूछने पर एडीओ कोऑपरेटिव ने बताया कि सुबह 9 से शाम 5 बजे तक क्रय केंद्र खुला रहता है, जिलाधिकारी ने कहा कि अगर बोरे की कमी महसुस हो तो और मंगा लीजिए, वही उपस्थित लेखपाल व नायब तहसीलदार से जिलाधिकारी ने पूछा कहि पराली न जलाई जाय इसका विशेष ध्यान रखिये।

## श्री गणेश राय स्नातकोत्तर महा विद्यालय डोभी में सत्रारंभ कार्यक्रम का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : श्री गणेश राय स्नातकोत्तर महा विद्यालय डोभी में सत्रारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर प्रो० राजेश सिंह ने उपस्थित अध्यापकों एवं छात्रों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पे जोर दिया। उन्होंने कहा कि डोभी क्षेत्र का शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्रों में भी महत्त्वपूर्ण योगदान है। वर्तमान समय में प्रतियोगिता बहुत है, महाविद्यालयों को दूरगामी सोचने की आवश्यकता है। समय के हिसाब से परिवर्तन करने की आवश्यकता है। यूनिवर्सिटी कैसे अपने आय बढ़ाये इस पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि पॉजिटिव लोंगो के साथ रहे। जिस सेक्टर में भी पढ़ाई करनी है उसमें बेस्ट दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति निर्मला एस मौर्य ने कहा कि कोई भी व्यक्ति तब बड़ा होता है जब समाज के लिए कुछ काम करता है। इस क्षेत्र की बच्चियों को पढाई के लिए प्रोत्साहित किया गया है। उन्होंने महाविद्यालय के सत्रारंभ के लिए बधाई दी। सभी से कहा कि अपने मातृ भाषा पर गौरव महसूस करें। विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि की डोभी का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहाँ के लोगों ने सभी क्षेत्रों में अपना नाम कमाया



है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में जो संघर्ष करता है वही आगे निकलता है। वैभवशाली इतिहास को आगे ले जाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। जिलाधिकारी ने कहा कि नई चीजों को ढूंढा जाए और बच्चों को सिखाया जाएं। सभी छात्रों से कहा कि अपनी कमजोरियों को पहचाने। अनुशासन के साथ– साथ संवाद का मौका सभी छात्रों को मिलना चाहिए। सभी छात्र कभी हार न मानने का जज्बा अपने भीतर पैदा करें। प्रो. स्मिता सिंह ने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा जाने के दृढ़संकल्प लें अवश्य सफल होंगे। प्राचार्य प्रो० प्रमोद कुमार सिंह, प्रो प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## "अंतर्राष्ट्रीय स्वयं सेवक दिवस" पर बीआरपी इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया कार्यक्रम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : "अंतर्राष्ट्रीय स्वयं सेवक दिवस" पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार , नेहरू युवा केंद्र जौनपुर द्वारा सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी के सहयोग से बीआरपी इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्य डॉ डॉक्टर सुबाष चंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी जितनी सशक्त तो होगी उतना हमारा देश आगे बढ़ेगा। इतिहास गवाह है इस देश में जब भी कोई परिवर्तन हुआ है वह युवाओं ने ही किया है चाहे चंद्रशेखर आजाद रहे या भगत सिंह रहे हो ।यह राम और कृष्ण की धरती है । स्वामी विवेकानंद ने कहा था उठो जागो तब तक मत रुको जब तक तुम्हारा लक्ष्य न हासिल हो जाए युवा ही देश के भविष्य हैं सजग युवा ही देश का प्रहरी है। आज राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी खासतौर से गांव के युवा जो सामाजिक सांस्कृतिक आर्थिक रूप से सुदृढ़ होकर भावी राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। हमारी सभ्यता और संस्कृति दुनिया को प्रभावित करती है सभ्यता संस्कृति हमारी सदैव वसुधैव कुटुंबकम की रही है ।युवा ही समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्था अधिकारी डॉ दिलीप सिंह ने कहा कि स्वयंसेवक अंतसचेतना से उत्पन्न प्रेरणा के द्वारा सेवा भाव से ही युवा विश्व में परिवर्तन कर सकता है और युवा ही विश्व को एक नई दिशा दे सकता है। अंतर राष्ट्रीय स्वयं सेवक दिवस युवाओं में नई संचेतना पैदा करता है । हमें




सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को भी समझना होगा । शिक्षा अगर बर्ताव में न दिखे तो डिग्री महज एक कागज का टुकड़ा है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए साहित्यकार गिरीश श्रीवास्तव गिरीश ने पढ़ा प्यास बुझ नहीं सकती सुखी नदी के सामने, झुक नहीं सकती कभी नेकी बदी के सामने, नष्ट होती जा रही है संस्कृति देश की, है गंभीर मसला इस सदी के सामने। कभी गैरों के सर का बोझ अपने सर उठाया क्या, तुम्हारी जिंदगी का पल किसी दूसरे के काम आया क्या, अंधेरे खुद दिए की राह में आने से डरते हैं ,अंधेरे से डर कर दिए ने कभी सर झुकाया क्या। माहौल को बदल दिया । उक्त अवसर पर छात्र – छात्राओं ने भी बहुत मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और अपने विचार अंतर राष्ट्रीय परिदृश्य में रखें । अमरेश पांडेय ने उक्त अवसर पर टीवी ,एड्स ,हैपेटाइटिस बी ,डायबिटीज , डेंगू संचारी रोग महामारी और आपदा से बचने का उपाय बताया। उक्त अवसर पर डॉ विमल श्रीवास्तव ऋषि श्रीवास्तव अनुज कुमार रागिनी भारती शशांक दुबे प्रतीक मिश्रा खुशी अनिष्का रिया दिव्यांश खुशी शुक्ला बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं शामिल रहे। कार्यक्रम संयोजक संजय उपाध्याय ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया।

## छह माह पहले हुई थी महिला की शादी : नाला के किनारे मिला शव

गोरखपुर ब्यूरो : थाना क्षेत्र के बर्दगोनिया गांव में एक विवाहिता का शव सोमवार की सुबह नकटा नाले के किनारे मिला। ग्रामीणों ने महिला की हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस जांच–पड़ताल में जुट गई है। महिला की पहचान थाना क्षेत्र के बांकी गांव निवासी अर्चना देवी उर्फ रानी (21) पत्नी दुर्गेश चौहान के रूप में हुई है। सोमवार की सुबह नकटा नाले के किनारे टहलने के लिए निकले ग्रामीणों ने नाले के किनारे महिला का शव देखकर शोर मचाना शुरू कर दिया। थोड़ी ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। महिला पीले रंग की समीज, नीला सलवार तथा लाल रंग का शाल पहनी थी। काफी देर तक महिला की पहचान नहीं हो पाई। बाद में पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे महिला के परिजनों ने उसकी पहचान 21 वर्षीय अर्चना उर्फ रानी के रूप में की। परिजनों के अनुसार उसकी शादी छह माह पूर्व गौरी बाजार थाना क्षेत्र के बांकी गांव में दुर्गेश चौहान से हुई थी। उधर, ग्रामीणों का कहना है कि महिला कब, कैसे घर से करीब चार किलोमीटर दूर नकटा नाले के किनारे पहुंच गई। यह रहस्य बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि महिला की पहचान कर ली गई है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। भाई की तहरीर पर पति और ससुर पर दहेज हत्या का केस दर्ज गौरी बाजार। क्षेत्र के बांकी गांव के साहू टोला निवासी नवविवाहिता अर्चना की मौत के मामले में सोमवार को देर शाम पुलिस ने उसके भाई रतन चौहान निवासी अमरपुर थाना बघौचघाट की तहरीर पर मृतका के पति दुर्गेश चौहान, एवं ससुर जय श्री चौहान के खिलाफ दहेज उत्पीड़न एवं हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोप है कि अर्चना की शादी 12 मई 2022 को गौरी बाजार थाना क्षेत्र के बांकी गांव के साहू टोला में दुर्गेश चौहान से हुई थी। शादी के बाद ससुराल आई अर्चना से उसके ससुराल वाले दहेज में मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। इन्कार करने पर आएदिन उसे मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे । मृतका के मायके वालों के समझाने–बुझाने के बावजूद भी कोई असर नहीं पड़ा। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर उसके पति एवं ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नेवर पेड उपभोक्ताओं से बिल जमा कराना सुनिश्चित करें। 10 किलोवाट से ऊपर के बड़े बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काटते हुए विद्युत बिल जमा कराने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक खंड अपने 10 बड़े बकायेदारों की सूची बनाकर बिल का भुगतान कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों में पंपिंग सेट पर मीटर लगाने की कार्यवाही जल्द से जल्द पूरी की जाए। उन्होंने सभी



अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अधिशासी अभियंता विद्युत ए के सिंह, शुभेन्द्र सिंह, दिग्विजय, हरीश प्रजापति, रामानंद मिश्रा, रामनरेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आसमान में घूमते रेस्तरां–रिवर आर्ट गैलरी की योजना केंद्र की प्राथमिकता में शामिल

प्रयागराज ब्यूरो : 180 फीट ऊंचाई पर हवा में घूमते रेस्तरां के साथ ही एफिल टॉवर की तर्ज पर बनने वाली अनूठी रिवर आर्ट गैलरी की योजना पर सहमति बन गई है। फाफामऊ सिक्स लेन पुल पर यह योजना प्रस्तावित है। महाकुंभ–2025 की अहम परियोजना के तौर पर इस सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के ड्रीम प्रोजेक्ट पर मुहर लगने के आसार हैं। फाफामऊ में निर्माणाधीन सिक्स लेन पुल के दोनों तरफ टॉवरों पर यह योजना मूर्त रूप लेगी। चार महीने पहले इस योजना को मंत्रालय ने अपनी प्राथमिकता से बाहर कर दिया था। अब महाकुंभ को देखते हुए सिक्स लेन पुल के टॉवर पर एक तरफ रेस्तरां और दूसरी ओर रिवर आर्ट गैलरी के प्रस्ताव को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने प्राथमिकता बिंदु में शामिल कर लिया है। हाल में ही उच्चस्तरीय बैठक में इस योजना पर अफसरों ने मंथन भी किया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में इसे महाकुंभ से पहले बनाने की तैयारी है। मलाक हरहर से म्योराबाद तक करीब 10 किमी लंबे निर्माणाधीन सिक्स लेन सेतु के टॉवरों पर करीब 180 फीट ऊंचाई पर रिवाल्विंग रेस्तरां और आर्ट गैलरी का निर्माण होगा। इस पर करीब तीन सौ करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। रेस्तरां में जहां लजीज व्यंजनों



के स्वाद का संगम होगा, वहीं कला दीर्घा में कुंभ की संस्कृति के साथ ही प्रयागराज के धार्मिक स्थलों की झलक मिल सकेगी। इस रिवर गैलरी में प्रयागराज में लगने वाले कुंभ और माघ मेले के आध्यात्मिक–सांस्कृतिक समागम की संस्कृति को शामिल करने की योजना है। इस गैलरी में कुंभ के विहंगम दृश्य को देखने के साथ ही लोग प्रयागराज को भी एक नजर में निहार सकेंगे। यह इस गैलरी में पहुंचने के लिए दोनों तरफ कैप्सूल लिफ्ट लगाई जाएगी। इस लिफ्ट से कुछ सेकेंड में ही पर्यटक गैलरी तक पहुंच जाएंगे। एनएचएआई से जुड़े एक अफसर ने बताया कि यह देश की पहली ऐसी रिवर आर्ट गैलरी होगी, जिसमें कुंभ की संस्कृति के दर्शन होंगे। प्रयागराज में प्रवेश करने से पहले इस गैलरी में इस आध्यात्मिक नगरी की संस्कृति और आतिथ्य सत्कार के साथ ही कला की झलक मिल जाएगी। शंकराचार्यों, महामंडलेश्वरों और अखाड़ों के नागा संन्यासियों की पेंटिंग और उनकी ध्यान–साधना से भी पर्यटक इस रिवर गैलरी में आकर परिचित हो सकेंगे। इस रिवर गैलरी में प्रयागराज में लगने वाले धार्मिक मेलों के भी दर्शन होंगे।

# सीएम योगी ने नुकुश की सुन ली : पत्र भेजकर की थी खराब सड़क की शिकायत

प्रयागराज ब्यूरो : निकाह से पहले नुकुश फातिमा के घर जाने वाली सड़क बनने लगी है। वर्षों पहले से जमा कूड़े की सफाई भी हो गई। नुकुश के निकाह के लिए बरात सात दिसंबर को आएगी। मेहमाननवाजी की चिंता को लेकर इस बेटी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ट्वीट कर बरात आने से पहले टूटी सड़क बनवाने और गंदगी की सफाई कराने के लिए आग्रह किया था। धूमनगंज इलाके के अबुबकरपुर के रहने वाले अता अफजल की बेटी का निकाह लखीमपुर खीरी में हो रहा है। बुधवार को उनके घर बरात आएगी। लेकिन, उनके घर से लगी करीब 200 मीटर सड़क इस कदर क्षतिग्रस्त थी कि उस पर पैदल भी चल पाना मुश्किल था। साथ ही उनके घर के पास गंदगी का अंबार लगा था अलग से। ऐसे में बेटी नुकुश को चिंता सता रही थी कि इस टूटी सड़क पर बरात आएगी कैसे। गंदगी की वजह से डेंगू के संक्रमण का भी खौफ सता रहा था। इस पर नकुश ने सीएम के ट्विटर हैंडल पर ट्विट कर इस समस्या के समाधान की गुहार लगाई थी। ट्वीट के बाद नगर निगम ने



आनन–फानन में टेंडर निकाल कर नुकुश के घर जाने वाली खराब सड़क को बनवाना शुरू कर दिया है। निकाह से पहले सड़क की मरम्मत होने और गंदगी की सफाई कराए जाने से नुकुस का परिवार खुशी से झूमने लगा है। उसके चाचा अफजल के मुताबिक इससे पहले पार्षद, विधायक समेत कई अफसरों से बार–बार शिकायतें की गईं, लेकिन इसका समाधान नहीं निकल सका। इस नुकुश और उसके घरवालों ने सीएम का आभार जताया है और साथ ही उन्हें निकाह के मौके पर आने के लिए न्योता भी दिया है।

# लखनऊ महापौर : टिकट के लिए दावेदारों में घमासान होना तय : अब अनारक्षित है सीट

लखनऊ ब्यूरो : नगर निगम चुनाव में किस दल से कौन लड़ेगा, यह तो अभी तय नहीं है। हालांकि, महापौर पद का आरक्षण अनारक्षित होने से इस बार दावेदारों की संख्या बढ़ना और इनके बीच घमासान होना तय है। पिछले चुनाव में आरक्षण महिला था और तब 19 महिलाओं ने इलेक्शन लड़ा था। सीट महिला होने से पिछले चुनाव में प्रमुख पार्टियों के जो दावेदार शांत हो गए थे, वे भी इस बार टिकट के लिए खुलकर दावेदारी करेंगे। महापौर पद के आरक्षण की घोषणा होते हुए दावेदार सक्रिय हो गए हैं। महापौर पद के लिए भाजपा, सपा और कांग्रेस में सबसे अधिक टिकट की दावेदारी भाजपा में है। इसकी वजह यह है कि 15 सालों से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है। 110 वार्डों में सबसे अधिक पार्षद भी इसी पार्टी के ही जीतते आ रहे हैं। पिछला रिकॉर्ड देखें तो भाजपा के स्वर्गीय डॉ. एससी राय और डॉ. दिनेश शर्मा लगातार दो बार महापौर रहे। पिछली बार सीट महिला होने पर पार्टी ने संयुक्ता भाटिया को लड़ाया था, जो जीती भी थीं। सपा ने मीरा वर्धन, कांग्रेस ने प्रेमा अवस्थी और बसपा ने बुलबुल गोदियाल को इनके खिलाफ चुनाव लड़ाया था। प्रमुख दलों में मेयर पद के प्रमुख दावेदार भाजपा : महापौर पद पर भाजपा से सबसे मजबूत दावेदारी मौजूदा महापौर संयुक्ता भाटिया की मानी जा रही है। वह दोबारा चुनाव लड़ने की बात भी खुलकर कर चुकी हैं। राजधानी के सांसद प्रतिनिधि व पूर्व आईएएस अधिकारी दिवाकर त्रिपाठी का नाम पिछली बार भी आरक्षण जारी होने से पहले उछला था। इस बार फिर उनके नाम को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। दिलचस्प यह है कि उनके भाई और यूपी रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर के चेयरमैन सुधाकर त्रिपाठी का भी नाम राजनाथ सिंह से मुलाकात के बाद चर्चा में है। कैंट क्षेत्र के पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, पूर्व पार्षद गोविंद पांडेय, मध्य विधानसभा क्षेत्र से इसी साल चुनाव लड़ने वाले पार्षद रजनीश गुप्ता, पूर्व एमएलसी स्वर्गीय राघवराम मिश्रा के पुत्र सुनील मिश्रा भी दावेदारी कर



रहे हैं। चार बार पार्षद रहे हरशरण लाल गुप्ता भी दावेदारी कर रहे हैं। रियल एस्टेट कारोबारी और पूर्व मेयर अखिलेश दास के बेटे विराज सागर दास के भी भाजपा से चुनाव लड़ने की चर्चा गर्म है। कांग्रेसः इस पार्टी से गिरीश मिश्रा, हाल ही में पार्टी में शामिल हुए बड़े कारोबारी राजेश कुमार जायसवाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, महासचिव प्रदेश कांग्रेस महासचिव आरपी सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष मो. नईम का नाम चल रहा है। सपाः आरक्षण तय होने से पहले सपा ने प्रत्याशियों को तीन श्रेणियों में बांट रखा था। पहली में सामान्य वर्ग, दूसरी में ओबीसी और तीसरी में अनुसूचित जाति के नेताओं को रखा था। सामान्य वर्ग में निवर्तमान नगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित का नाम था। विधानसभा चुनाव में कैंट सीट से टिकट न मिल पाने के बाद अब उन्होंने मेयर पद के लिए नाम रखा है। वहीं, पिछली बार मेयर पद की प्रत्याशी रहीं मीरा वर्धन फिर से दावेदारी ठोंक रही हैं। तीसरा नाम पार्टी की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह का है। डिंपल यादव से नजदीकी और पार्टी में सक्रियता के चलते उनका दावा मजबूत है। नवीन धवन बंटी भी टिकट मांग रहे हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. आशुतोष वर्मा के साथ प्रमोद चौधरी के नाम चल रहे हैं। अनुसूचित जाति वर्ग में शिल्पी चौधरी का नाम मजबूती है। उधर, प्रसपा के प्रदेश महासचिव अजय त्रिपाठी मुन्ना भी मेयर पद के लिए राजधानी में सक्रिय दिख रहे हैं।

# अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान हंगामा : विधायक की हरकत पर नाराज हुए विधानसभा अध्यक्ष

लखनऊ ब्यूरो : यूपी विधानमंडल के शीतकालीन सत्र का आज दूसरा दिन है। मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही देर में हंगामा होने लगा। हालांकि, कुछ देर तक स्थगन के बाद ही फिर से कार्यवाही शुरू हुई और अनुपूरक बजट पर चर्चा हुई। इस दौरान सत्ता पक्ष व विपक्ष ने एक–दूसरे पर जमकर आरोप लगाए। विपक्ष के एक विधायक ने कहा कि सरकार सिर्फ घोषणाएं करती है। अनुपूरक बजट में भी यही किया गया है जबकि सच ये है कि पिछला बजट अभी तक खर्च ही नहीं हो सका है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सिर्फ घोषणाएं करने से प्रदेश का विकास नहीं हो सकता है। कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि सरकार इंवेस्टर्स समिट को लेकर बड़े–बड़े दावे करती है पर जमीन पर कुछ नजर नहीं आता है। सरकार को इस पर श्वेत पत्र जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुपूरक बजट सिर्फ घोषणा पर हैं। इसकी कोई



आवश्कता नहीं थी। वहीं, विधायक अतुल प्रधान द्वारा नियमों के विपरीत सदन की कार्यवाही का फेसबुक लाइव करने पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नाराजगी जताई। उन पर कार्रवाई हो सकती है।

## आरक्षण सूची ने पलटा पासा : पूरी नहीं हुई नंदी की अभिलाषा

प्रयागराज ब्यूरो : जनता द्वारा चुने जाने वाला प्रयागराज का पहला मेयर इस बार पिछड़ी जाति का होगा। पिछले कुछ दिनों से कभी सामान्य तो कभी अनुसूचित महिला के खाते में प्रयागराज मेयर की सीट जाने की सुगबुगाहट के बीच सोमवार को पासा ऐसा पलटा कि उससे अच्छे–अच्छे चित हो गए। ओबीसी के खाते में सीट जाने के बाद इस बार कैबिनेट मंत्री नंदी की अभिलाषा पूरी नहीं हो पाएगी। उनकी पत्नी एवं दो बार की मेयर अभिलाषा गुप्ता इस बार मेयर का चुनाव नहीं लड़ पाएंगी। अभिलाषा के साथ ही सामान्य जाति के कई अन्य दिग्गज उम्मीदवारों को भी आरक्षण सूची ने बड़ा झटका दिया है। पिछले कुछ दिनों से कभी सामान्य जाति तो कभी एससी महिला के खाते में मेयर की सीट जाने की बात कही जा रही थी, लेकिन इन अटकलों पर सोमवार को विराम लग गया। लखनऊ से जो आरक्षण सूची आई उसने तमाम दिग्गजों को सकते में ला दिया। प्रयागराज नगर निगम में भाजपा के चुनाव चिह्न में पहली बार अभिलाषा गुप्ता 2017 में मेयर निर्वाचित हुई। उसके पूर्व 2012 में भी वह बसपा के समर्थन से मेयर पर पर निर्वाचित हुई थी। इस बार भी उनके समर्थक यह मान कर चल रहे थे कि अभिलाषा हैट्रिक मारेंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अभिलाषा के साथ ही टिकट के कई अन्य दावेदार जिसमें जिसमें डा. कीर्तिका अग्रवाल, डा. एलएस ओझा, गणेश केसरवानी, कुमार नारायण, डा. सुशील सिन्हा, अखिलेश सिंह, मुरारी लाल अग्रवाल आदि के नाम शामिल हैं उन सभी की उम्मीदों को भी झटका लगा है। महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी कहते हैं कि पार्टी का हर निर्णय उन्हें स्वीकार है। पार्टी जिसे भी प्रत्याशी बनाएगी, उसके साथ संगठन खड़ा है। ओबीसी में भाजपा के पास कई चेहरे पिछले दिनों भाजपा से मेयर के लिए तमाम नेताओं ने आवेदन किया था। यह संख्या 40 से ज्यादा की थी। इसमें पिछड़ी जाति के भी लोग



शामिल थे। फिलहाल अब सामान्य जाति के उम्मीदवारों के माइनस हो जाने के बाद ओबीसी के जो चेहरे सामने हैं उसमें काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा कविता यादव, पूर्व विधायक दीपक पटेल, विवेक जायसवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता पदुम जायसवाल, पूर्व उपमहापौर अनामिका चौधरी, धनंजय सिंह पटेल, पार्षद किरन जायसवाल, दिलीप चौरसिया, मनोज कुमार कुशवाहा, राजेश कुमार गुप्ता के नाम प्रमुख रूप से शामिल है। अभिलाषा के सामने लोकसभा चुनाव का भी विकल्प लगातार दो बार मेयर बन चुकी अभिलाषा गुप्ता ओबीसी सीट होने की वजह से भले ही चुनाव न लड़ सके, लेकिन उनके सामने वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का विकल्प है। चर्चा है कि अभिलाषा इलाहाबाद संसदीय सीट से वर्ष 2024 में ताल ठोंक सकती हैं। हालांकि यह तब संभव होगा जब वर्तमान सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी चुनाव न लड़े या फिर पार्टी उन्हें एक और मौका फिर से न दें। उनकी उम्र को देखते हुए इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी शायद 2024 में उम्मीदवार बदलने का निर्णय ले सकती है। हालांकि अभिलाषा गुप्ता नंदी ने अपने पत्ते अभी नहीं खोले हैं। पिछले पांच बार से सामान्य जाति के ही चुने जा रहे मेयर प्रयागराज नगर निगम में पिछली बार से सामान्य जाति के ही मेयर चुने जा रहे हैं। यहां जनता द्वारा पहला मेयर डॉ. रीता बहुगुणा जोशी को चुना गया था। उसके बाद वर्तमान एमएलसी डा. केपी श्रीवास्तव मेयर चुने गए। उसके बाद डा. केपी श्रीवास्तव इस पद पर जनता द्वारा चुने गए। डा. केपी के बाद चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह जनता द्वारा निर्वाचित किए गए। वर्ष 2012 एवं 2017 से अभिलाषा गुप्ता इस पद पर लगातार दो बार निर्वाचित हुईं।

# चाहे जो हो जाए नहीं हटेगा योगी मंदिर और चलता रहेगा पूजा–पाठ –परमहंस आचार्य

अयोध्या ब्यूरो : अयोध्या छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने कहा कि चाहे जो हो जाए, योगी मंदिर नहीं हटेगा। इस मंदिर में अनवरत पूजा–पाठ, आरती का कार्य जारी रहेगा। इसमें किसी ने दखल देने की कोशिश की तो बर्दाश्त नहीं होगा। वह स्थलीय परीक्षण में सरकारी भूमि पर निर्मित कल्याण भदरसा के योगी मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने यहां भक्तों के साथ पहुंचकर पूजा–पाठ किया और आरती उतारी। इसके बाद मंदिर परिसर में बने शनि देव मंदिर, अष्टभुजी माता मंदिर पर माथा टेका। कहा कि योगी मंदिर के निर्माता प्रभाकर मौर्य की शिकायत पर सोहावल तहसील प्रशासन स्थलीय परीक्षण कराने के उपरांत यह जान चुका है कि कुछ ही दूरी पर बनाई गई मस्जिद व मजार की भूमि भी सरकारी भूमि के दायरे में आती है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त कृषि विश्वविद्यालय की



भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान भी बनाए गए हैं। लोगों ने खलिहान भी बनाया है। पहले उन सबको बेदखल कर अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए। इसके बाद ही प्रशासन सरकारी भूमि पर निर्मित योगी मंदिर को हटाने के बारे में सोचें।

## गैर धर्म में किया प्रेम विवाह फिर दहेज के लिए मार डाला : मुकदमा दर्ज

अंबेडकरनगर ब्यूरो : गैर संप्रदाय की युवती से विवाह के बाद उसकी हत्या कर दी। शव खेत में फेंककर आरोपी ने युवती के परिजनों को उसके लापता होने की खबर दी थी। इस पर युवती के पिता ने पुलिस को सूचना देकर खोजबीन शुरू कर दी थी। अब सोमवार को शव मिलने पर पुलिस ने पिता की तहरीर पर युवक समेत चार के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र जलालपुर के पेठिया गांव में रविवार देर रात गन्ने के खेत में युवती का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो युवती की पहचान जैतपुर थाना क्षेत्र के मखदूमपुर गांव निवासी संजना (20) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि कुछ समय पहले जैतपुर थाना क्षेत्र के सोहगूपुर निवासी समशुद्दीन ने मखदूमपुर निवासी सुरेश की पुत्री संजना को परिजनों की इच्छा के विपरीत साथ लेकर बाहर चला गया था। बाद में दोनों ने प्रेम विवाह कर लिया। आरोप है कि गांव लौटने के बाद पति सहित उसके परिजन संजना पर मायके से दहेज के रूप में एक लाख रुपये मांगने का दबाव बनाने लगे। पति द्वारा कहा गया कि उसे ऑटो खरीदना है, इसके लिए तुम्हें रुपये लाने होंगे। संजना द्वारा असमर्थता जताए जाने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद शव जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के पेठिया गांव के पास खेत में फेंक दिया गया। कोतवाल संत कुमार सिंह ने बताया कि संजना के पिता की तहरीर पर आरोपी पति समशुद्दीन, ससुर जलालुद्दीन, सास फहीमा व ननद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद सभी चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज छानबीन की जा रही है।

## 12 दिसंबर को शुरू होगा श्री विष्णु महायज्ञ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। शिव भोला मंदिर समिति डिगडिगा विशाल खंड 1 गोमती नगर के अध्यक्ष रंजीत यादव ने बताया




कि शिव भोला मंदिर में 12 दिसंबर से प्रातः कालीन बेला में 9:00 से 11:00 तक एवं सायंकालीन बेला में 3:00 से 6:00 बजे तक श्री विष्णु महायज्ञ होगा। 18 दिसंबर को सायंकाल विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री विष्णु महायज्ञ बाबा गोपाल दास एवं बीरू महाराज के संयोजकत्व में किया जाएगा। वैदिक मंत्रोच्चारण के लिए आचार्य बुलाए गए हैं।

# ग्रीन बेल्ट कम आबादी वाले इलाकों के सहारे प्रदूषण पर पर्दा

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी में ग्रीन बेल्ट, जंगल वाले या न्यूनतम आबादी वाले इलाकों में वायु प्रदूषण की रीयल टाइम निगरानी कर अधिकारी एक्यूआई का औसत बेहतर दिखा रहे हैं। इसके उलट जिन इलाकों में वायु प्रदूषण अधिक है, वहां हवा को साफ करने में यूपीपीसीबी




और नगर निगम के अधिकारी फेल साबित हो रहे हैं। एक सप्ताह से अधिक समय से तालकटोरा में हवा बहुत खराब रिकॉर्ड हो रही है। वहीं घनी आबादी वाले लालबाग और अलीगंज में भी हवा खराब है। वहीं औसत एक्यूआई को ठीक करने का काम गोमतीनगर, बीबीएयू, कुकरैल से किया जा रहा है। यूपीपीसीबी के रिकॉर्ड के मुताबिक 2020–2021 में बीबीएयू और कुकरैल में नए रीयल टाइम मॉनिटरिंग स्टेशन शुरू किए गए। इससे पहले चार मॉनिटरिंग स्टेशन गोमतीनगर, लालबाग, तालकटोरा, अलीगंज में लगे हुए थे। शहर का औसत एक्यूआई ठीक करने के नाम पर अधिकारियों ने योजनाबद्ध तरीके से वन क्षेत्र कुकरैल और ओपन एरिया व ग्रीनबेल्ट वाले बीबीएयू परिसर में मॉनिटरिंग स्टेशन लगाए। गोमतीनगर में भी लोकेशन में बदलाव कर इसे विभूतिखंड में यूपीपीसीबी मुख्यालय में लगा दिया गया। यहां भी ग्रीन बेल्ट और वाहनों की आवाजाही कम होने से प्रदूषण कम ही रिकॉर्ड होता है। मियावाकी पद्धति से बढ़ा रहे हरियाली यूपीपीसीबी और नगर निगम ने एक योजना पर और काम किया। मियावाकी पद्धति का उपयोग कर मॉनिटरिंग स्टेशनों के आसपास में छोटे–छोटे जंगल विकसित किए गए। दो दिन पहले ही बीबीएयू में भी एक मियावाकी जंगल की शुरूआत कराई गई है। लालबाग में भी ऐसा ही एक छोटा जंगल विकसित कराया गया है। ऐसे जंगल 1000 फीट जगह में तैयार कराए जाते हैं। यहां क्यों नहीं लगाते मॉनिटरिंग स्टेशन प्रदूषण पर हर साल इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टॉक्सिकोलॉजी रिसर्च (आईआईटीआर) प्री–मानूसन और पोस्ट मानसून रिपोर्ट जारी करता है। कमोबेश हर बार चारबाग, आलमबाग, चौक में प्रदूषण अधिक होने की बात कही जाती है। घनी आबादी, ट्रैफिक जाम और व्यावसायिक गतिविधियां होने के बाद भी अभी तक यहां मॉनिटरिंग स्टेशन नहीं लगाए गए। जबकि पूर्व निदेशक आईआईटीआर डॉ. आलोक धवन ने लगातार बिगड़ते प्रदूषण के चलते शहर में कम से कम 50 रीयल टाइम मॉनिटरिंग स्टेशन लगाने की जरूरत बताई थी। बजट मिले तो बढ़ें मॉनिटरिंग स्टेशन मुख्य पर्यावरण अधिकारी, वृत्त–5 यूपीपीसीबी डॉ. राम करन का कहना है कि मॉनिटरिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। लेकिन, इसके लिए बजट की जरूरत होगी। एक स्टेशन लगाने में करीब दो करोड़ रुपये का खर्च आता है। बजट मिले तो स्टेशन लगवाया जा सकता है। आलमबाग, चारबाग और चौक में वाकई रीयल टाइम मॉनिटरिंग स्टेशन की जरूरत है। यहां अभी मैन्युअल तरीके से ही हवा की जांच हो पाती है। सोमवार को अचानक प्रदूषण बढ़ने की वजह मौसम है। तालकटोरा में वायु प्रदूषण कम करने में मदद मिली थी, लेकिन मौसम बदला तो यहां पहले से ही स्थिति खराब होने से अधिक एक्यूआई मिल रहा है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।